## संपादकीय

# चुनावी मोर्चे पर कांग्रेस

कांग्रेस ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। अहमदाबाद में अपनी कार्यसमिति की बैठक में पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति के संकेत दिए और प्रियंका गांधी ने यहीं से बाकायदा अपने चुनावी अभियान और पॉलिटिकल करियर की शुरुआत की। अहमदाबाद में कार्यसमिति की बैठक आयोजित कर कांग्रेस ने यह संदेश भी देना चाहा है कि महात्मा गांधी की विरासत उसी के पास है और यही उसकी मूल पूंजी है। वह गांधीवादी मूल्यों की राजनीति करती है और गांधीवाद को ही बीजेपी के राष्ट्रवाद का जवाब मानती है। कांग्रेस ने बताना चाहा है कि बीजेपी का राष्ट्रवाद घृणा और उन्माद पर टिका है, जबकि गांधी की देशभक्ति की बुनियाद में सबको गले लगाने और सबको साथ लेकर चलने का भाव है।

वायुसेना के एयर स्ट्राइक के बाद बीजेपी ने तमाम मुद्दों को दरकिनार कर राष्ट्रवाद को ही अपना अजेंडा बना रखा है और इसके नाम पर एक मजबूत सरकार के लिए वोट मांग रही है। अपनी इस रणनीति के जरिए उसने कुछ हद तक विपक्ष को बैकफुट पर धकेल दिया है। लेकिन इसकी काट के रूप में कांग्रेस सहिष्णु राष्ट्रवाद को आ  ामक राष्ट्रवाद के विकल्प की तरह प्रस्तुत करना चाहती है। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि 'यह देश प्रेम, सद्भावना और आपसी लगाव के आधार पर बना है। मैं दिल से कहना चाहती हूं कि इससे बड़ी कोई देशभक्ति नहीं है कि आप जागरूक बनें। आपकी जागरूकता एक हथियार है। यह ऐसा हथियार है, जिससे किसी को दुख नहीं देना, किसी को चोट नहीं पहुंचानी। पर यह आपको मजबूत बनाएगा।' बहरहाल, कांग्रेस ने राष्ट्रवाद पर बीजेपी को जवाब जरूर दिया है पर इसे मुख्य चुनावी मुद्दा बनाने से वह बचना चाहती है। उसे लगता है कि जनता के दुख-दर्द को सामने लाकर ही वह न सिर्फ अपनी अलग छवि बना सकती है, बल्कि इन्हीं मुद्दों पर बीजेपी को घेर भी सकती है। इसलिए प्रियंका ने कार्यकर्ताओं को सचेत किया कि असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की लगातार कोशिश की जाएगी, लेकिन वे रोजगार, किसानों और महिला सुरक्षा के मुद्दों को लेकर सवाल पूछते रहें।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने साफ किया कि बीजेपी के अजेंडे में फंसने के बजाय बेरोजगारी, किसान, राफेल में भ्रष्टाचार और सरकार के वायदे पूरा न करने के मसले को लेकर ही जनता के पास जाया जाए। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि जनता का ध्यान राष्ट्रवाद से हटाकर वह रोजमर्रा के मुद्दों पर कैसे लाए। उसने संगठन मजबूत करने पर ध्यान देना शुरू किया है और हार्दिक पटेल जैसे जमीनी नेताओं को अपना हिस्सा बनाया है। लेकिन पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलने में वह अभी ज्यादा कामयाब होती नहीं दिख रही। कई राज्यों में गठबंधन का मामला लटका हुआ है या अस्पष्ट है। देखना है, सत्तापक्ष के सामने वह कितनी चुनौती पेश कर पाती है।

# इन आसान टिप्स की मदद से पहचाने फेक फेसबुक आईडी




नई दिल्ली। आज जब सोशल मीडिया का चलन तेजी से बढ़ रहा है खासतौर से फेसबुक का. हर कोई अपने विचार फेसबकु पर खुलकर रख रहा है साथ ही राजनीतिक पार्टीयां भी अपने चुनावी प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही है. लेकिन इस डिजिटल युग में जिस तरह लोग खोते जा रा रहे है वैसे ही इस पर अपराधी भी सक्रिय होते जा रहे है. हालांकि साइबर अपराध पर लगाम कसने के लिए कई तरह के कानून बनाए है. सोशल मीडिया में आजकल युवा से लेकर हर वर्ग फेसबुक का अधिक इस्तेमाल कर रहा है. फेसबुक पर लोग कई फेक आईडी भी बहुत बनाते है, जिसमें वो अपने असल नाम की जगह कोई और नाम रख लेते. इस फेक आईडी का इस्तेमाल हंसी मजाक से लेकर अपराधों को अंजाम देने के लिए भी किया जाता है. ऐसे में आप कुछ सावधानी बरत कर किसी भी तरह की अनहोनी से बच सकते हैतो आइए आज हम आपको बताते है फेसबुक पर फेक आईडी की पहचानने के कुछ टिप्स. जिसका इस्तेमाल कर आप यह आसानी से जान सकते हैं कि आपके फ्रेंडलिस्ट में आया हुआ फ्रेंड रिक्वेस्ट फेक आईडी है कि ओरिजनल.

Facebook Profile Photo सबसे पहले जिसका भी फ्रेंड रिक्वेस्ट आया है उसकी प्रोफाइल को ध्यान से देखें. अगर उस पर किसी हीरो-हिरोइन या अन्य चीजों की फोटा लगी है तो समझ जाइए वो फेक आईडी है. या प्रोफाइल फोटो में एक से ज्यादा फोटो न हो तब भी वो फेक अकाउंट हो सकता है.

Birthday date फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने वाले का डेट ऑफ बर्थ एक बार जरुर देखें. क्योंकि ज्यादातर फेक आईडी पर 1/1/2011, 10/10 2019 जैसी तारीख लिखा होता है.

About अबाउट सेक्शन अच्छे से देखें जिसमें बेसिक जानकारियां लिखी होती है जैसे- work, education, contact और शहर का नाम लिखा होता है. अगर आपको उस ID में इस तरह की कोई जानकारी नहीं मिलती है तो समझ जाइए कि वह फेक अकाउंट है. अधिकत्तर अकाउंट में ये जानकरियां लिखी होती है किसी भी प्रोफाइल का टाइमलाइन सब बयां कर देता है कि वो इंसान कैसा है उसका वितार क्या-क्या है. इसलिए टाइमलाइन को चेक करें और प्रोफाइल फोटो पर ध्यान दें क्योंकि ज्यादतर अकाउंट केवल चैटिंग के लिए ही इस्तेमाल किए जाते हैं. ऐसे में वह अपने टाइमलाइन पर ध्यान नहीं देते हैं. अगर उसने काफी लंबे समय से अपने टाइमलाइन पर कुछ शेयर या फिर कोई लाइक कमेंट नहीं किया है तो, हो सकता है वह फेक अकाउंट हो.

Profile URL अगर आपको शक है कि आया हुआ रिक्वेस्ट फेक है या ओरिजनल तो इसके लिए आप URL चेक जरुर करें क्योंकि कई बार ऐसा होता है जब कोई यूजर फेक ID बना रहा होता है उस दौरान यूजर नाम (user name) बदलना भूल जाता है. इस तरह आप URL की मदद से जान सकते हैं कि ID ओरिजनल है कि फेक.

# गेहूं का उत्पादन बढ़ने से किसान चिंतित, भाव कम मिलने का अंदेशा

नई दिल्ली (आनएनएस)। सर्दी के मौसम में विस्तार और मार्च के शुरू में बारिश ने इस साल गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन होने की उम्मीद जगाई है, मगर किसान इस बात से चिंतित है कि उत्पादन ज्यादा होने से उनको फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाएगा। कृषि विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस साल गेहूं का उत्पादन 10.5 करोड़ टन हो सकता है।



भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास फरवरी में 239.31 लाख टन गेहूं का भंडार था जबकि पिछले साल फरवरी में एजेंसी के भंडार में 175.47 लाख टन गेहूं था। इस साल भंडार ज्यादा होने से गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई। अगर, सरकारी खरीद कम होती है तो गेहूं का बाजार भाव लुढ़क जाएगा जिससे किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाएगा।

केंद्र सरकार ने फसल वर्ष 2018-19 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पिछले साल से 105 रुपये बढ़ाकर 1,840 रुपये प्रति चिं टल तय किया है।

पंजाब के मानसा जिला स्थित बरेटा के किसान नजर सिंह ने कहा, अगर, सरकार ने समय पर खरीद शुरू नहीं की तो हमें बाजार भाव पर गेहूं बेचना पड़ेगा जोकि आपूर्ति ज्यादा होने कम हो सकता है।

# रिलायंस जियो ने इस मामले में फिर मारी बाजी, सभी कंपनियों को पिछे छोड़ा

नई दिल्ली (आनएनएस)। मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने 4जी डाउनलोड स्पीड के मामले में अपनी प्रतिस्पर्धी कंपनियों के मुकाबले फरवरी 2019 में भी अव्वल स्थान बनाये रखा। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की तरफ से जारी नवीनतम आँकडों के अनुसार, फरवरी माह में जियो की औसत डाउनलोड स्पीड जनवरी के 18.8 एमबीपीएस की तुलना में बढ़कर 20.9 एमबीपीएस पर पहुँच गई जो इस क्षेत्र की अन्य कंपनियों की तुलना में दुगने से भी अधिक है। वर्ष 2018 में पूरे साल रिलायंस जियो इस मामले में अग्रणी रही थी। ट्राई के आँकडों के अनुसार, भारती एयरटेल की डाउनलोड स्पीड फरवरी में जनवरी के 9.5 एमबीपीएस की तुलना में घटकर 9.4 एमबीपीएस रह गई। वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर के कारोबार का विलय हो चुका है और अब यह वोडाफोन-आइडिया के रूप में काम कर रही है किंतु ट्राई ने डाउनलोड और अपलोड स्पीड में दोनों का प्रदर्शन अलग-अलग दर्शाया है।




वोडाफोन नेटवर्क की औसत 4जी डाउनलोड स्पीड जनवरी के 6.7 एमबीपीएस की तुलना में मामूली बढ़कर फरवरी में 6.8 एमबीपीएस हो गई। आइडिया की फरवरी में पहले के 5.5 एमबीपीएस की तुलना में 5.7 एमबीपीएस पर पहुंच गई।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टैक्स सेविंग स्कीम 2006 में एफडी से बचाएं टैक्स

नई दिल्ली (आनएनएस)। अभी वित्त वर्ष 2018-19 में किए गए निवेश के प्रुफ जमा कराने का वक्त है। जिन लोगों ने इस वर्ष कोई निवेश नहीं किया, वे टैक्स बचाने के लिए विभिन्न निवेश विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। उनके लिए एक सुरक्षित निवेश का विकल्प स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी ऑफर कर रह है। आप चाहें तो देश के सबसे बड़े बैंक की टैक्स बचत वाली फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम का फायदा उठा सकते हैं। इस स्कीम की खासियत यह है कि फिक्स्ड डिपॉजिट पर भी इक्विटि लिंक्ड सेविंग्स स्कीम, नैशनल पेंशन स्कीम, पब्लिक प्रविडेंट फंड, नैशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना की तरह ही टैक्स बचाने की सुविधा मिलती है। आप एसबीआई टैक्स सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम में निवेश पर टैक्स छूट प्राप्त करने का हक पा सकते हैं।

## टेनिस : राओनिक ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

इंडियन वेल्स (आनएनएस)। कनाडा के मिलोस राओनिक ने अपने जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए गुरुवार को यहां इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राओनिक ने सर्बिया के 19 वर्षीय मिओमिर केसमानोविक को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

## दिनेश कार्तिक के कोलकाता नाइटराइडर्स को लगा जोर का झटका, शिवम मावी व नागरकोटी बाहर

नई दिल्ली। दो बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण के शुरू होने से पहले करारा झटका लगा है. बीते सीजन टीम के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी और कमलेश नागरकोटी चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं. नागरकोटी बीते सीजन में भी नहीं खेल पाए थे. शिवम और कमलेश दोनों ही पिछले साल अंडर-19 विश्व कप खेलने वाली टीम का हिस्सा थे. कम उम्र में उनकी चोट ना सिर्फ केकेआर, बल्कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के लिए चिंता का विषय हो सकती है.




शाहरुख खान-जूही चावाला की मालिकाना हक वाली इस टीम के कप्तान दिनेश कार्तिक हैं. उन्होंने आईपीएल के पिछ्ले सीजन में बतौर खिलाड़ी और कप्तान शानदार प्रदर्शन किया था. लेकिन दो प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने से टीम को अपने प्लान बदलने पड़ सकते हैं. कोलकाता नाइटराइडर्स ने नागरकोटी की जगह संदीप वॉरियर को अपनी टीम से जोड़ा है. वे 2013-15 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए खेल चुके हैं. वे 2015 के बाद पहली बार आईपीएल में खेलते दिखेंगे. वेबसाइट ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता नाइटराइडर्स ने केरल के संदीप वॉरियर को अपने साथ जोड़ा है. नागरकोटी बीते सीजन में नहीं खेल पाए थे. तब कोलकाता ने कर्नाटक के प्रसिद्ध कृष्णा को अपने साथ जोड़ा था. अब वे टीम के नियमित सदस्य बन गए हैं. नागरकोटी पीठ की चोट से अभी तक सही तरह से उबरे नहीं हैं. उन्हें टीम ने 3.2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था.

# 7 सालों के बाद इस शुभ संयोग में मनेगी होली, होलिका दहन का यह है शुभ समय

रंगों का त्योहार होली इस बार चैत कृष्ण प्रतिपदा गुरुवार 21 मार्च को मनेगी। इससे एक दिन पूर्व 20 मार्च को होलिका दहन होगा। होलिका दहन पर इस बार दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। इन संयोगों के बनने से कई अनिष्ट दूर होंगे। दूसरी ओर फाल्गुन कृष्ण अष्टमी14 मार्च से होलाष्टक की शुरुआत हो गयी है। होलाष्टक आठ दिनों को होता है। ज्योतिषाचार्य प्रियेंदू प्रियदर्शी ने धर्मशास्त्रों के हवाले से बताया कि लगभग सात वर्षों के बाद देवगुरु बृहस्पति के उच्च प्रभाव में गुरुवार को होली मनेगी। इससे मान-सम्मान व पारिवारिक शुभ की प्राप्ति होगी। राजनीति की वर्ष कुंडली के अनुसार नए वर्ष में नए नेताओं को लाभ मिलेगा।



**हिन्दू नववर्ष के पहले दिन मनेगी होली** - ज्योतिषाचार्य पीके युग के अनुसार हिन्दू नव वर्ष के पहले दिन होली मनायी जाएगी। उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में होली मनेगी। यह नक्षत्र सूर्य का है। सूर्य आत्मासम्मान, उन्नति, प्रकाश आदि का कारक है। इससे वर्षभर सूर्य की कृपा मिलेगी। आचार्य के मुताबिक जब सभी ग्रह सात स्थानों पर होते हैं वीणा योग का संयोग बनता है। होली पर ऐसी स्थिति से गायन-वादन व नृत्य में निपुणता आती है।

**सौभाग्य देनेवाली है होलिकाभस्म** - ज्योतिषाचार्य युग ने बताया कि होलिका दहन इस बार पूर्वा फाल्गुन नक्षत्र में है। यह शुक्र का नक्षत्र है जो जीवन में उत्सव, हर्ष,आमोद-प्रमोद, ऐश्वर्य का प्रतीक है। भस्म सौभाग्य व ऐश्वर्य देने वाला होता है। होलिका दहन में जौ व गेहूं के पौधे डालते हैं। फिर शरीर में ऊबटन लगाकर उसके अंश भी डालते हैं। ऐसा करने से जीवन में आरोग्यता और सुख समृद्धि आती है।

**होलिका दहन का यह है शुभ समय**

20 मार्चकी रात्रि 8.58 से रात 12.05 बजे। भद्रा का समय, भद्रा पुंछ - शाम 5.24 से शाम 6.25 बजे तक। भद्रा मुख - शाम 6.25 से रात 8.07 बजे तक।

अगजा धूल से शुरू होती है होली - ज्योतिषी इंजीनियर प्रशांत कुमार के अनुसार अगजा की धूल से होली की शुरुआत होती है। होलिका दहन की पूजा और रक्षो रक्षोघ्न सूक्त का पाठ होता है। अगजा की तीन बार परिक्रमा की जाती है। अगजा में लोग गेहूं,चना व पुआ-पकवान अर्पित करते हैं। अगजा के बाद सुबह में उसमें आलू, हरा चना पकाते और ओरहा खाते हैं। नहा धोकर शाम में मंदिर के पास जुटते हैं। नए कपड़े पहनकर भगवान को रंग-अबीर चढ़ाते हैं।

## आज का राशिफल

मेषः आज के दिन आपको कुछ ऐसे लोगों की सलाह पर अमल करना होगा, जिससे आपके पारिवारिक जीवन में चल रही नाराजगी दूर हो जाए। आज जमीन-जायदाद से संबंधित विवाद में हानि हो सकती है।

वृषभः बहुत कोशिश के बावजूद आप अपने कामकाज को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं। दूसरे लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए आपको अपनी छवि सुधारने और अपने कामकाज को बेहतर करने का हुनर भी सीखना चाहिए।

मिथुनः आज का दिन आपको किसी पिछली घटना को बार-बार याद दिलाकर उत्साह में कमी ला सकता है। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के बहुत सारे अवसर आपको मिलते रहेंगे।

कर्कः आज नए व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। कर्ज भार में कमी होगी। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग है।

सिंहः इस वक्त आप अपनी जमापूंजी और बैंक बैलेंस के चक्क र में अधिक रहेंगे। जोखिम भरे कामों से धन कमाना चाहते हैं तो आपको आगे चलकर बहुत अच्छा परिणाम नहीं मिलेगा।

कन्याः नई प्रॉपर्टी खरीदने की संभावना है। आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब आप जीवन में थोड़ा धैर्य और सूझबूझ से निवेश करें। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

तुलाः आज के दिन आपको अपनी जरूरत को पूरी करने के लिए कुछ नियमित आमदनी का भी ख्याल रखना होगा। अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार धनलाभ के साधन भी पैदा करने होंगे।

वृश्चिकः अपने आपको सफल बनाने के लिए आपको मजबूत इरादे और मेहनत के साथ कुछ ऐसी राह भी बनानी होगी जो कि असलियत जिंदगी से नज़दीक हो।

धनुः पिछले दिनों में आपने जो काम का बोझ अपने सिर पर लिया था वह आज कुछ कम हो सकता है। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

मकरः आज के दिन आप अपने रूके हुए काम को पूरा करेंगे जो कि अप्रत्याशित होंगे। दूसरों की तारीफ करके या अपने सहकर्मियों को खानेपीने की दावत देकर आप जल्दी से जल्दी अपने कार्यभार से मुक्त होने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभः आज के दिन आपको अपनी आजीविका में छवि सुधारने की चिंता रहेगी। वैसे तो आप मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते हैं। लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे गलती भी आपकर जाते हैं जिससे आसपास के लोगों में गलतफहमी पैदा होती है।

मीनः धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। सायंकाल से लेकर रात का समय किसी मांगलिक समारोह में व्यतीत होगा।

## घर आए खास मेहमानों को परोसें शुगर फ्री केसरी मलाई पेड़ा



होली के मौके पर घरों में ढेर सारे पकवान बनाए जाते हैं। यह ऐसा अवसर होता है, जब लोग एक दूसरे से मिलने उनके घर भी जाते हैं। खाने-खिलाने के इस मौके पर अपने साथ-साथ मेहमानों की सेहत का ध्यान रखते हुए आज हम आपको बताएंगे शुगर फ्री केसरी मलाई पेड़ा की रेसिपी। आइए जानते हैं इसके बारे में

**सामग्रीः**

4 कप दूध
3-4 धागे केसर के
एक चुटकी साइट्रिक एसिड
2 चम्मच कॉर्नफ्लोर, दो चम्मच दूध से गूंदा हुआ
द चम्मच हरी इलायची पाउडर
10 छोटे चम्मच स्वीटनर
8 बादाम, कटे हुए

**विधि :**

एक गहरे पैन में दूध डालकर गर्म करें और उसे तब तक उबालें, जब तक वो आधा यानि गाढ़ा नहीं हो जाता। अब इसमें केसर डालें और अच्छी तरह मिला लें।

इसके बाद दो छोटे चम्मच पानी में साइट्रिक एसिड मिलाएं और इसे गाढ़े दूध में मिला दें।

इसके बाद इसमें गूंदा हुआ मक्के का आटा डालें और मिश्रण को थोड़ा पतला होने दें।

इसके बाद इलायची पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। एक पैन लें और उसमें शुगर फ्री नैचुरल डायट शुगर मिलाकर गर्म करें और ठंडा होने के लिए एक तरफ रख दें।

अब इस मिश्रण को इसमें डालकर आठ बराबर हिस्सों में काट लें और उन्हें पेड़े का आकार दें।

इसके बाद हर पेड़े पर बादाम छिड़ककर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-07

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 06 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू-07

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.06का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |